# झंडा मेला

## चर्चा में क्यों?

22 मार्च, 2022 को नए पवित्र श्रीझंडे जी के आरोहण के साथ ही देहरादून में झंडा मेले की औपचारिक शुरुआत हो गई।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि लगभग एक महीने तक चलने वाला झंडा मेला होली के पाँच दिन बाद चैत्र कृष्ण पंचमी को दरबार साहिब में श्रीझंडे जी के आरोहण के साथ ही शुरू हो जाता है।
- देहरादून में आयोजित होने वाले श्रीझंडे जी मेले का अपना इतिहास है। इसके लिये पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित देश के अलग-अलग जगहों से हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु श्री दरबार साहिब पहुँचते हैं।
- श्रीझंडे जी पर तीन तरह के गिलाफों का आवरण होता है। सबसे भीतर की ओर 41 सादे गिलाफ, मध्यभाग में शनील के 21 गिलाफ तथा सबसे बाहर की ओर 1 दर्शनी गिलाफ चढ़ाया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jhanda-fair